तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 31 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 25 केन्द्रों में 5619 विद्यार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा



## खबर संक्षेप

### लखनपुर में सम्पूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ आज

**अंबिकापुर।** भारत सरकार के नीति आयोग के मार्गदर्शन में संचालित आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत सरगुजा जिले के आकांक्षी ब्लॉक लखनपुर में सम्पूर्णता अभियान 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक संचालित होगा। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ 31 जनवरी को प्रातः 10 बजे कार्यालय जनपद पंचायत लखनपुर में किया जाएगा। इस संबंध में नोडल अधिकारी आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम एवं जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नीति आयोग के निर्देशानुसार सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत चयनित 6 प्रमुख सूचकांकों में शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण सुनिश्चित किया जाना है। अभियान का उद्देश्य शासकीय योजनाओं और सेवाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना तथा विकास के प्रमुख मानकों में गुणात्मक सुधार लाना है। सम्पूर्णता अभियान 2.0 के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने, सेवा वितरण प्रणाली को मजबूत करने तथा विकास सूचकांकों में सुधार लाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएंगे। यह अभियान लखनपुर विकासखंड में समग्र एवं समावेशी विकास को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

### सरगुजा ओलंपिक को लेकर जिला स्तरीय बैठक आज

**अंबिकापुर।** सरगुजा ओलंपिक के जिला एवं संभाग स्तरीय आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष, अम्बिकापुर में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त, सरगुजा संभाग द्वारा की जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सरगुजा ओलंपिक के सफल आयोजन हेतु पुलिस विभाग, जिला पंचायत, नगर निगम, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जनसंपर्क विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।बैठक में खेल स्थलों की तैयारी, आधारभूत सुविधाएँ, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, प्रचार-प्रसार, खिलाड़ियों के पंजीयन एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सरगुजा ओलंपिक का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजन को सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वित कार्ययोजना पर जोर दिया जा रहा है।

### मधुमक्खियों के हमले से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** पेड़ के नीच बकरी चरा रहे ग्रामीण पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खी के हमले से घायल हुए ग्रामीण बेटे के साथ खुद ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हुआ जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम मुकुंदपुर निवासी केदा बरगाह आ. स्व. राम साय बरगाह (58 वर्ष) गत दिन घर के समीप डेहू पेड़ के नीचे बकरी चरा रहा था। इसी दौरान पेड़ मौजूद मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। ग्रामीण किसी तरह भागकर घर पहुंचा और बेटा के साथ बाइक से तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात भर्ती कर दिया। जहां आज सुबह उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## रघुनाथनगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण का मामला

# मध्यप्रदेश के लोगों के झांसे में आकर भोले भाले ग्रामीणों ने किया वन भूमि पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मध्यप्रदेश के लोगों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में बसे भोले भाले आदिवासी ग्रामीणों को झांसे में लेकर उनसे जमीन कब्जा कराने और फिर उस जमीन को हथियाने का खेल चल रहा है। इस बात का खुलासा वन विभाग द्वारा की गई जांच के बाद हुआ है। वन विभाग ने लगभग संरक्षित वन क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ भूमि पर किए गए कब्जे व अवैध निर्माण को हटाने के लिए 36 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही अतिक्रमण हटाने को लेकर विभाग आदिवासी समाज के प्रमुख लोगों की मदद ले रहा है ताकि ग्रामीणों को समझाकर कब्जा खाली कराया जाए और जालसाजों के चंगुल से उन्हें बाहर निकाला जा सके।

**खास बात**

- पंडो समाज प्रमुख की समझाइश के बाद हटाया गया अतिक्रमण

दरअसल बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर अंतर्गत कोगवार के संरक्षित वन क्षेत्र के कक्ष क्रमांक पी-593 में ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की जानकारी सामने आई थी। यह क्षेत्र विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो बाहुल्य है और पंडो समाज के लोगों द्वारा ही जंगल के अंदर वन भूमि पर अवैध रूप से झाला व झोपडी का निर्माण किया गया था। इस बात की जानकारी मिलने के बाद डीएफओ आलोक कुमार बाजपेयी ने इस मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान वन विभाग ने क्षेत्र में सर्च अभियान चलाने के साथ ही जीपीएस लोकेशन लेकर कब्जा का पता लगया गया। जांच के दौरान 36 लोगों द्वारा वन विभाग की भूमि पर कब्जा किए जाने की पुष्टि हुई जिसके बाद उन्हें 28 जनवरी को डीएफओ के निर्देश पर वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया गया है और कब्जा हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। तीन दिनों की अवधि के बाद वन विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।



वनों की रक्षा की शपथ लेते पण्डो समाज के लोग।

### बहकावे में आ रहे ग्रामीण

रघुनाथनगर वन परिक्षेत्र में किए गए कब्जे को लेकर जो जानकारी सामने आई है वह हैरान करने वाली है। अधिकारियों के अनुसार कब्जा करने वाले सभी विशेष संरक्षित पंडो जनजाति के ग्रामीण है। चूंकि यहां से एमपी की सीमा लगी हुई है और एमपी में रहने वाले लोगों द्वारा भोले भाले ग्रामीणों को बहकाया जा रहा है और उन्हें ढाल बनाकर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। एमपी के कुछ लोगों द्वारा ग्रामीणों से पहले वन भूमि पर कब्जा कराने और फिर उस भूमि पर कब्जा कब्जा जमाने की योजना बनाई गई थी लेकिन वन विभाग ने उनके मंसूबों को नाकाम कर दिया।

#### समाज प्रमुखों की पहल पर बनी बात

एमपी के लोगों के बहकावे में आकर जमीन कब्जा करने की पुष्टि होने के बाद वन विभाग द्वारा ग्रामीणों की बैठक कर लगातार उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही पंडो जनजाति के समाज प्रमुखों का भी सहयोग लिया जा रहा है ताकि कोई बाहरी व्यक्ति उनका नाजायज फायदा ना उठा सके। इसके साथ ही वन विभाग द्वारा उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराकर बांस प्लांटेशन कराने और चौकीदारी सहित अलग अलग गतिविधियों में इन्ही ग्रामीणों को शामिल करने की योजना बनाई है ताकि ग्रामीण स्वयं वन क्षेत्र की रक्षा करें और बाहरी लोगों के बहकावे में ना आए। शुक्रवार को उदय पंडो ने प्रभावित गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से बात की और वन विभाग की बातों को उनके समक्ष रखा। इस दौरान ग्रामीण भी स्वयं से अतिक्रमण हटाने को राजी हुए और उन्हें वन क्षेत्र के संरक्षण की शपथ ली। पहले दिन ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपने अतिक्रमण हटा लिए है जबकि शेष शनिवार तक हटा लिए जाने की बात कही जा रही है।

#### स्वयं हटा रहे ग्रामीण

संरक्षित वन भूमि पर कब्जा करने के मामले में 36 लोगों को नोटिस जारी किया था। समाज के प्रमुखों के माध्यम से ग्रामीणों को समझाइश दी गई और उनकी बातों को भी सुना गया। जागरूकता कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों ने खुद से ही कब्जा हटाना शुरू कर दिया है।एमपी के कुछ लोगों के झांसे में आकर ग्रामीणों ने वन भूमि पर निर्माण किया था। अतिक्रमण हटाने के बाद उक्त भूमि पर बांस प्लान्टेशन किया जाएगा और कार्य में क्षेत्र के ग्रामीणों को भी नियोजित किया जाएगा। ग्रामीणों ने वन क्षेत्र के संरक्षण की शपथ ली है।

-आलोक बाजपेयी
डीएफओ बलरामपुर

# मोरभंज डेम समीप जंगल में युवती की धारदार हथियार से नृशंस हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरभंज डेम के पास जंगल में एक युवती की निर्मम हत्या का मामला सामने आने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है,जंगल किनारे पड़े शव को देखकर हर कोई सन्न रह गया,गर्दन पर धारदार हथियार से किए गए गहरे वार इस ओर इशारा कर रहे हैं कि हत्या बेहद बेरहमी से की गई है।

- गर्दन में नुकिली चीज से किये गये कई वार, मृतिका युवती ने की थी दूसरी शादी
- दूसरे पति से अक्सर विवाद व झगड़े की स्थिति बनती थी

मृतिका की पहचान पिंकी सोलांकी 24 वर्ष पिता परमेश्वर पाटिल, निवासी ग्राम गांधीनगर शिल्पी, थाना गांधीनगर जिला सरगुजा के रूप में हुई है,पिंकी अपने पीछे 7 वर्षीय मासूम बेटी को छोड़ गई है, जो अब मां की छाया से हमेशा के लिए वंचित हो गई,बताया जा रहा है कि मृतिका की छोटी बहन कुमारी रिंकी पाटिल ने जयनगर थाना पहुंचकर मर्ग सूचना दर्ज कराई,उसने बताया कि 29 जनवरी की दोपहर करीब 12.30 बजे पिंकी अपनी बेटी मंजू को उसके पास छोड़कर बाजार जा रही हूं कहकर घर से निकली थी,देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई,30 जनवरी को दोपहर करीब 3 बजे सूचना मिली कि मोरभंज डेम के पास जंगल में एक युवती का शव पड़ा हुआ है,मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने शव की पहचान पिंकी सोलंकी के रूप में की,शव जंगल किनारे पड़ा था और गर्दन पर गहरे जख्म के निशान साफ नजर आ रहे थे, जिससे प्रथम दृष्टया यह मामला धारदार हथियार से हत्या का प्रतीत हो रहा है। सूचक ने पुलिस को बताया कि पिंकी ने अपने पहले पति को छोड़ने के बाद पटना पंडोपारा निवासी हेमंत कुमार उर्फ गोलू से प्रेम विवाह किया था,दोनों पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे, लेकिन आपसी विवाद और झगड़ों के चलते रिश्तों में कड़वाहट आ गई,आए दिन के विवाद से परेशान होकर पिंकी अपनी बेटी को लेकर अलग किराए के मकान में रहने लगी थी,परिजनों का आरोप है कि पति हेमंत उर्फ गोलू के साथ उसका विवाद लगातार बढ़ता जा रहा था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि इसी रंजिश में उसकी हत्या की गई,परिजनों ने शक जताया है कि पिंकी की हत्या उसके पति हेमंत कुमार उर्फ गोलू ने ही किसी धारदार हथियार से की है,घटना के बाद से संदिग्ध का व्यवहार और उसकी गतिविधियां भी संदेह के घेरे में बताई जा रही हैं।,परिजनों की सूचना पर एसडीओपी अभिषेक पैकरा, जयनगर थाना प्रभारी निरीक्षक रूपेश कुंतल एक्का मौके पर पहुंचकर घटना स्थल पर जांच किया,फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हत्या की असली वजह और सच्चाई सामने आने की बात कही जा रही है।

# एसडीएम की सूचना पर अवैध साल लट्ठा लोड पिकअप जब्त

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी राज्यों से पहुंच रहे कोचियों के धान को पकड़ने शुक्रवार को तड़के टीम के साथ निकले रामानुजगंज एसडीएम आनंद राम नेताम की सूचना पर वन अमले ने अवैध साल लट्ठा लोड एक पिकअप को जब्त करने में सफलता पाई है।

- अवैध धान परिवहन की संभावना पर एसडीएम ने किया पीछा

शुक्रवार को रामानुजगंज एसडीएम आनंद राम नेताम पड़ोसी राज्यों से धान की तस्करी करने वाले कोचियों को पकड़ने के उद्देश्य से तड़के टीम के साथ निकले थे। इस दौरान संदेहास्पद परिस्थितियों में एक पिकअप को तेज रफ्तार से भागते देख उन्होंने वाहन पीछा किया। एसडीएम का वाहन पिकअप के निकट पहुंचा तो देखा कि पिकअप में लट्ठा लोड है तथा चालक तेज रफ्तार से वाहन को चला रहा है। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी धमनी रेंज के परिक्षेत्राधिकारी अजय श्रीवास्तव को दी। सूचना पर तत्काल वन परिक्षेत्राधिकारी अजय श्रीवास्तव वन अमले के साथ रवाना हुए तथा पिकअप का पीछा किया। सुबह 5 बजे वन अधिकारी पिकअप का पीछा करते हुए ग्राम चेरा पहुंचे तो चालक पिकअप को अपने घर की परछी में खड़ी कर फरार हो गया था। पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 6598 का चालक साल का अवैध 5 लट्ठा लोडकर तस्करी कर रहा था। पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि आरोपी चालक श्रवण यादव ग्राम चेरा का निवासी है तथा अपने घर की परछी में वाहन खड़ा कर फरार हो गया है। वन अमले ने वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1) एवं 41(3), वनोपज अभिवहन अधिनियम 2000 एवं व्यापार विनिमय अधिनियम के तहत अवैध लट्ठा लोड पिकअप को जब्त किया। पिकअप में लोड 5 नग अवैध साल लट्ठे की कीमत 80 हजार रूपए आंकी गई है। रेंजर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि जब्त पिकअप को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक सुरेश यादव, वन रक्षक मनदेव प्रसाद गुप्ता एवं ग्रामीण शामिल थे।



# केशवनगर स्थित एनएच में किराना सामान लोड पिकअप कार के ऊपर पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर-अंबिकापुर-बिश्रामपुर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार शाम करीब चार बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, तेज रफ्तार से आ रही किराना सामान लोड पिकअप ने सामने से आ रही मारुति स्विफ्ट डिजायर कार को चपेट में ले लिया और उसी के ऊपर पलट गई, उक्त हादसे में कार चालक एसईसीएल रेहर खदान के असिस्टेंट मैनेजर माइनिंग रणधीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना केशवनगर स्थित नायरा पेट्रोल पंप के सामने एनएच-43 पर हुई।

- सड़क हादसे में एसईसीएल रेहर खदान के माइनिंग अधिकारी गंभीर रूप से हुए घायल
- सिर में गंभीर चोट लगने से हायर सेंटर किये गए रेफर

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर से किराना सामान लोड कर सूरजपुर शहर की तरफ जा रही पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 3602 ने विपरीत दिशा से आ रही मारुति स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक जेएच 01 बीसी 7425 को जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप कार के ऊपर ही पलट गई,हादसे से मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई,सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची,आसपास के लोगों की मदद से पहले पिकअप में लदा सामान खाली कराया गया,फिर ट्रैक्टर में रस्सी बांधकर पिकअप को सीधा किया गया, इसके बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार में फंसे असिस्टेंट मैनेजर को कटर से कार के ढांचे को काटकर बाहर निकाला गया और तत्काल केंद्रीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, बताया गया कि घायल रणधीर सिंह, निवासी कुमदा कॉलरी, एसईसीएल बिश्रामपुर की रेहर खदान में सहायक प्रबंधक (माइनिंग) के पद पर पदस्थ हैं और ड्यूटी समाप्त कर अपने क्वार्टर वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया,केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ निरंजन कुमार ने बताया कि रणधीर प्रसाद सिंह के सिर में गंभीर चोट आई है,प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर करने की तैयारी की जा रही है,हादसे में स्विफ्ट डिजायर कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है, प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार पिकअप चालक नशे की हालत में था,पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।



क्षतिग्रस्त वाहन व लोगों की भीड़।

# सेंदुर नदी के रेत में दफन मिला शव, मचा हड़कंप

**बलरामपुर/रामानुजगंज।** सेंदुर नदी में एक व्यक्ति का शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी। फिलहाल पुलिस द्वारा शव का पीएम कराया गया है इसके साथ ही उसके शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर शाम कोतवाली पुलिस को थाना क्षेत्र से लगभग 3 किमी की दूरी पर स्थित सतीसेमर गांव स्थित सेंदुर नदी में ग्रामीणों ने रेत में दबा हुआ शव देखा था। रेत में दफन शव की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा उपरान्त शव का पीएम कराया। इसके साथ ही फिलहाल शव को मर्च्युरी में रखा गया है और मृतक की पहचान की जा रही है। फिलहाल पुलिस को मृतक के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन जिस तरह से रेत में शव दबा हुआ था उससे हत्या कर शव को छिपाए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी भापेंद्र साहू ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे है। इसके साथ ही पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## एक युवक गंभीर रूप से घायल, जांच में जुटी पुलिस

# लुचकी घाट पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार की देर शाम लुचकी घाट पर भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। एनएच पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को कुचल दिया। इस हादसे में दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि तीसरे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा मृतकों के परिजन को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



बताया जा रहा है कि शुक्रवार की देर शाम अंबिकापुर-रायगढ़ रोड एनएच 43 पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक चालक ने बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मारी और युवकों के सड़क पर गिरने के बाद उन्हें रौंदते हुए निकल गया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। इस घटना में दो बाइक सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना एनएच 43 पर लुचकी घाट पर ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के समीप हुई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद कोतवाली, यातायात पुलिस की टीम, पटवारी नीरज वर्मा, चेंद्रा सरपंच अल्विश लकड़ा मौके पर पहुंचे व शवों को उठाकर मर्च्युरी में रखवाया गया है र पीएम उपरान्त शव शनिवार को परिजन के सुपुर्द किया जाएगा। इसके साथ ही घटना में घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में मृतकों की पहचान कर ली गई है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त बाइक क्रमांक सीजी 15 ईडी 5961 से मृतकों की पहचान की गई। पुलिस के अनुसार मृतकों में सीतापुर बनेया निवासी आदित्य खाखा व बतौली निवासी रितेश पैकरा शामिल है जबकि घायल युवक का नाम अनीश बताया जा रहा है। युवक किसी काम से अंबिकापुर आए थे और वापस लौट रहे थे। पुलिस ने मृतकों के परिजन को घटना की सूचना दे दी है। यातायात प्रभारी विजय कैवर्त ने बताया कि मृतकों की पहचान कर ली गई है और परिजन को घटना की सूचना दी गई है। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# नेशनल स्कूल गेम्स में सार्थक ने किया बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सरगुजा के सार्थक कांत थॉमस ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पहले दिन सार्थक ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मैचों में जीत दर्ज कर जिले व प्रदेश का नाम रौशन किया है। बताया जा रहा है कि दिल्ली में 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिया का आयोजन 30 जनवरी से किया गया है। दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कोम्प्लेक्स में आयोजित इस प्रतियोगिया में नौ अगल अलग खेल विधाओं में देशभर के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। इस स्कूल गेम्स में छत्तीसगढ़ की टीम भी शामिल हुई है और छत्तीसगढ़ से बैडमिन्टन टीम में सरगुजा के उभरते हुए खिलाड़ी सार्थक कान्त थॉमस प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे है। शुक्रवार को नेशनल स्कूल गेम्स के पहले दिन छत्तीसगढ़ की टीम से सार्थक कांत थॉमस ने उत्तर खंड और और हिमाचल प्रदेश को अपनी श्रेणी के मैच में मात देकर जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। सार्थक कान्त थॉमस की इस सफलता पर जिले के खेल प्रेमियों ने उसे शुभकामनाएँ दी है।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को शहीद दिवस जिले में श्रद्धा, गरिमा और अनुशासन के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय के कलेक्टर न्यायालय परिसर में पूर्वान्ह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान शासकीय एवं गैर-शासकीय सभी गतिविधियां पूर्णतः स्थगित रहीं और वातावरण गंभीर एवं शांत बना रहा, इसके बाद जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा-मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने समाज को नशा-मुक्त बनाने, युवाओं को नशे से दूर रखने तथा सकारात्मक सामाजिक वातावरण के निर्माण के लिए सतत प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए राष्ट की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया गया।

### भाजपा ने किया गांधी का अपमानः पूनम

**मनेन्द्रगढ़।** कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि और शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर छग सरकार द्वारा शराब दुकानें खुली रखने के फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की है।



उन्होंने इसे गांधीवादी विचारधारा और देश के शहीदों का खुला अपमान करार दिया है। प्रेस को जारी बयान में पूनम सिंह ने कहा कि पूरा देश आज के दिन अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी को नमन कर रहा है और शहीदों को याद कर रहा है। दशकों से यह परंपरा रही है कि 30 जनवरी को पूरे देश में शुष्क दिवस रहता है ताकि नई पीढ़ी संयम और नैतिकता का संकल्प ले सके, लेकिन छग की भाजपा सरकार ने इस पवित्र दिन पर भी शराब दुकानें खोलकर यह साबित कर दिया है कि उनके लिए गांधी जी के आदर्शों और शहीदों के सम्मान से ज्यादा शराब की कमाई (राजस्व) महत्वपूर्ण है।

## इस बार फरवरी में होगी परीक्षाएं, तैयारियों में जुटा शिक्षा विभाग

# 25 केन्द्रों में 5619 विद्यार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

माशिमं द्वारा आयोजित 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा की परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इस वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड की परीक्षा फरवरी के दूसरे पखवाड़े में शुरू हो जाएगी, इसे लेकर जिले में शिक्षा विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके पूर्व के वर्षो में उक्त बोर्ड की परीक्षा मार्च के महीने में शुरू होती थी, लेकिन इस वर्ष फरवरी के दूसरे पखवाड़े में ही उक्त कक्षाओं की परीक्षा शुरू कर दी जाएगी, इसके लिए समय-सारणी माशिमं द्वारा घोषित की जा चुकी है।

बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्री बोर्ड की परीक्षा भी संपन्न गई और प्रायोगिक परीक्षा का कार्य भी पूर्णता की ओर है। जिले के विद्यालयों में पढ़ाई जोर शोर से चल रहा है और जिला कलेक्टर के निर्देश पर 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड के विद्यार्थियों पर ध्यान ध्यान देने के निर्देश दिए गए है। मिशन के तहत बोर्ड के विद्यार्थियों की तैयारी कराई जा रही है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में बीते वर्ष कोरिया जिले में बोर्ड परीक्षा के नतीजे काफी बेहतर रहा और इस वर्ष भी कोरिया जिले को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मिशन के तहत बोर्ड के विद्यार्थियों की तैयारियां कराई जा रही है।




### 5 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

चालू शिक्षा सत्र में 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड में कुल 5 हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में 10 वीं बोर्ड में कुल 2682 तथा 12 वीं बोर्ड में कुल 2937 विद्यार्थी पंजीकृत है। इस तरह कोरिया जिले में दोनों बोर्ड परीक्षाओं में कुल 5619 विद्यार्थी पंजीकृत है।

### दो दर्जन से अधिक परीक्षा केन्द्र

कोरिया जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए इस बार 25 केन्द्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश विभाग के अधिकारी द्वारा दिए गए है। कोरिया जिले में सोनहत जनपद क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि बोर्ड के परीक्षार्थियों को कई किमी दूरी तय कर परीक्षा केन्द्र तक पहुंचते हैं, इससे विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### विषय शिक्षक नही करेंगे ड्यूटी

जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा में जिस दिन जिस विषय का पेपर निर्धारित है, उस दिन संबंधित विषय शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा केन्द्र में नहीं लगाई जाने के निर्देश उच्च कार्यालय द्वारा दिए गए हैं और न ही उस दिन संबंधित विषय शिक्षक की ड्यूटी उड़नदस्ता दल में भी नहीं लगाई जाएगी।

### 25 केन्द्रों में होगी परीक्षाएं

बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर सभी तैयारियां की जा रही हैं। कोरिया के 25 केन्द्रों में 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाएं संपन्न होंगी।

-विनोद राय, डीईओ कोरिया

# धान खरीदी की अंतिम तारीख आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- सरकार समय-सीमा बढ़ाने अब तक कोई निर्णय नहीं ले सका

प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मियाद आज के बाद खत्म हो जाएगी। इधर जिले के कई किसानों के द्वारा अपना पूरा धान नहीं बेच पाए हैं, जिसके कारण वे चिंता में डूब गए है।

शहर में 29 जनवरी को गोंगपा ने रैली निकालकर धान खरीदी की अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा, वहीं कांग्रेस ने भी धरना प्रदर्शन कर धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग की, लेकिन सरकार द्वारा अब तक कोई निर्णय समय-सीमा बढ़ाने को लेकर नहीं लिया जा सका है, ऐसे में 31 जनवरी को धान खरीदी का अंतिम दिवस होगा। इस वर्ष कोरिया जिले में धान का बम्पर उत्पादन हुआ था।



धान खरीदी केन्द्र।

### उठाव नहीं होने से लगा जाम

कोरिया जिले में धान खरीदी के बाद पर्याप्त उठाव नहीं होने के कारण कई समितियों के प्रांगण में धान के बोरियों का स्टॉक जमा हो गया और स्थिति यह है आने वाले धान को रखने केलिए जगह की भी कमी होने लगी है। नियम के अनुसार धान खरीदी के 72 घंटे में उठाव होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होने के कारण समिति प्रांगण में धान बोरियों का जाम लगा है।

### कई गांवों में कर रहे रतजगा

जिले के विभिन्न समितियों में धान विक्रय के लिए किसानों ने टोकन कटाने के बाद अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं और समिति प्रांगण में अपना धान विक्रय के लिए ले गए हैं, लेकिन उनकी बारी नहीं आने के कारण धान की रखवाली के लिए रतजगा भी कर रहे हैं। खरीदी के अंतिम दौर पहुंचने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है।

# कॉलेज में नशामुक्त भारत एवं सड़क जागरूकता अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में राष्टपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि को शहीद दिवस के रूप में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में मनाया गया। इस अवसर पर दो चरणों में कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के संरक्षण में किया गया। महाविद्यालय में संचालित प्रातःकालीन पाली में प्रातः 11 बजे राष्टपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात दो मिनट का सभी विद्यार्थियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मौन रखा गया।



नशामुक्त भारत के लिए अभियान चलाने के उद्देश्य से नशामुक्ति की शपथ प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई द्वारा दिलाई गई। सभी ने लेते हुए एमसीबी जिला को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। इसी क्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित संकेतों एवं मोटर वाहन चालन संबंधी जानकारी दी गई। सभी को हेलमेट लगाने के लिए संकल्प दिलाया गया। तत्पश्चात प्रथम पाली के विद्यार्थियों के द्वारा जनजागरूकता रैली नशामुक्ति नारों के साथ में निकाली गई। महाविद्यालय में संचालित द्वितीय पाली के विद्यार्थियों को संबोधित करने के लिए अंजना बेक सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग एमसीबी, रविशंकर मिश्रा समाज कल्याग विभाग, देवऋषि समाज कल्याण विभाग, ब्रह्म कुमारी बीके माधुरी दीदी, ब्रह्म कुमारी अनिता दीदी उपस्थित रही। सभी ने सारगर्भित उद्बोधन देकर नशामुक्त भारत में योगदान देने के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई, नोडल अधिकारी नशामुक्ति एवं रेडरीबन क्लब प्रभारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सह-संयोजक डॉ. प्रभा राज विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र ने कार्यक्रम का संचालन किया।स्वागत उद्बोधन एवं विषय प्रवेश डॉ. विश्नोई द्वारा किया गया।

## वीबी जीरामजी योजना के तहत जिलेभर में होंगे सरोवर संवाद

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए संचालित वीबी जीरामजी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ग्रामीण विकास में होने वाले सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए विशेष सूचनात्मक सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इस उद्देश्य से प्रथम चरण में जिले के अमृत सरोवर स्थलों को चयनित किया गया है। कोरिया जिले में वर्तमान में कुल 57 अमृत सरोवर विकसित किए जा चुके हैं, जिनका क्षेत्रफल एक एकड़ से अधिक है। ये सरोवर जलसंरक्षण के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता के प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। यहां राष्टीय पर्वों पर ध्वजारोहण, स्वच्छता अभियान तथा योग दिवस जैसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहे हैं।

# एनसीसी की ए प्रमाण पत्र की परीक्षा में शामिल हुए कैडेट्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

29 जनवरी को आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के एनसीसी टूप के द्वितीय वर्ष के कैडेट की ए प्रमाण- पत्र की परीक्षा संपन्न हुई।

कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार एस, 1 छ.ग. बटालियन कोरबा के निर्देशन एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमित यादव के मार्गदर्शन में, सूबेदार रामदेव साव, नायब सूबेदार मोहम्मद मोस्तफा, हवलदार पुष्पेन्द्र सिंह, हवलदार कमलाकांत एवं हवलदार ओपी कर्ष ने परीक्षा संपन्न कराई। इस परीक्षा में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के कुल 119 कैडेट्स परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमित यादव द्वारा समस्त कैडेट्स को परीक्षा के नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। द्वितीय बार बैकुंठपुर, सूरजपुर एवं मनेन्द्रगढ़ का संयुक्त परीक्षा केन्द्र बैकुंठपुर निर्धारित किया गया। परीक्षा का समस्त संचालन फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल के द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। सूरजपुर से एनसीसी सेकेंड आफिसर सुनील दत्त तिवारी एवं मनेन्द्रगढ़ से सेकेंड ऑफिसर शिव नारायण एनसीसी कैडेट्स के साथ उपस्थित होकर परीक्षा संपन्न कराने में अपनी सहभागिता निभाई। लिखित परीक्षा में ड्रिल, सामान्य ज्ञान, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व, सामाजिक जागरूकता एवं सामुदायिक विकास, स्वास्थ्य एवं सफाई, आपदा प्रबंधन, बाधा प्रशिक्षण, सैन्य बल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट, हथियार प्रशिक्षण आदि से संबंधित प्रश्न पूछे गए। साथ ही ड्रिल एवं वेपन हैंडलिंग एवं मैप रीडिंग की प्रायोगिक परीक्षा ली गई।



**न्यायालय नायब तहसीलदार, दरिमा जिला सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण दो सूचित किया जाता है कि, अवेदिका पूजा कुशवाहा पति सूरज कुशवाहा निवासी ग्राम करवां थाना व तहसील लटोरी जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा मृत्यु के पंजीयन कराने हेतु स्वयं का शपथ पत्र अनुप्लब्धता प्रमाण पत्र विल्म शुल्क चालन की प्रति सहित जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1959 के धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 03 (3) के अन्तर्गत अपने दादी जगमनिया की मृत्यु दिनांक 23/02/2008 को ग्राम कंठी में होना बतलाते हुये उनके जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बावत आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के उपरांत किसी भी दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर इस पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दरिमा
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**कार्यालय विशेष विवाह अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

वि.प्र.क्र. / विशेष विवाह/2025-26
फार्म-'अ'

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण की जानकारी के लिये यह सार्वजनिक सूचना जारी किया जाता है आवेदक देव साय राम आ. स्व. अकुल साय, उम्र 58 वर्ष, जाति उरांव, पेशा नौकरी (बीएसएफ) निवास ग्राम बेनई पोस्ट गिरहुलडीह, थाना तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा छ.ग. एवं आवेदिका सोनकुमारी आ. लच्छु राम, आयु 52 वर्ष, जाति उरांव, पेशा कृषि, निवासी ग्राम बेनई पोस्ट गिरहुलडीह, थाना तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा छ.ग., के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत आयशित विवाह/विवाह पंजीयन की सूचना संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित अभिप्रेत विवाह पंजीयन की सूचना के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई व्यक्ति इस न्यायालय में दिनांक 28/02/2026 को दिन के 11:00 बजे तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । उक्त अवधि समाप्त होने होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

विशेष विवाह अधिकारी
सरगुजा अम्बिकापुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं संजय कुमार परशराम शिंदे आ. परशराम शिंदे उम्र लगभग 54 वर्ष पेशा नौकरी एस.ई.सी.एल. बिश्रामपुर निवासी क्वाटर नम्बर 2 सी/2, आफिसर कालोनी, एस.ई.सी.एल. बिश्रामपुर पोस्ट व थाना बिश्रामपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा नाम कई दस्तावेजों में संजय कुमार शिंदे लिखा हुआ है जबकि मेरा पूरा नाम संजय कुमार परशराम शिंदे है। मैं पासपोर्ट बनवाने हेतु यह शपथ पत्र उपरोक्त नाम संशोधन के सम्बन्ध में तैयार करा रहा हूं। मुझे आज से मेरे पूरे नाम 'संजय कुमार परशराम शिंदे' के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
संजय कुमार परशराम शिंदे
आ. परशराम शिंदे
निवासी-क्वाटर नम्बर 2 सी/2, आफिसर कालोनी, एस.ई.सी.एल. बिश्रामपुर पोस्ट व थाना बिश्रामपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

# विधायक ने किया संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आकांक्षी विकासखंड बैकुंठपुर में भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ शुक्रवार 30 जनवरी को जिला पंचायत सभागार में किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत निर्धारित 3 माह की अवधि में चिन्हित सूचकांकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत कुल 6 प्रमुख सूचकांकों पर कार्य किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को अनुपूरक पोषण प्रदान करना, 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों का नियमित वजन एवं लंबाई मापन, आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुरक्षित पेयजल एवं शौचालय सुविधा सुनिश्चित करना शामिल है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा सभी बालिका विद्यालयों में शौचालय सुविधा उपलब्ध कराना तथा पशुपालन विभाग द्वारा सभी पात्र पशुओं का एफएमडी टीकाकरण किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने अभियान को जन-आंदोलन के रूप में सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - एम.डी.जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB - शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS(General Surgeon) - जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO - कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH मुंबई
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता - किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी - मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) - दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 3718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## बाजार में बिकने आ गए हरे चने



**बैकुण्ठपुर।** खेतों से हरा चना शहर के बाजार में पहुंचना शुरू हो गया। कोरिया जिले के साथ पड़ोसी सूरजपुर जिले से भी हरा चना आना शुरू हो गया है। सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ से आए व्यापारी गोलू साहू भारी मात्रा में हरा चना लेकर शहर केबाजार पहुंचा। जानकारी के अनुसार वर्तमान में हरा चना मुट्ठी भर बंडल 10 रूपए की है तथा किलों में 50 रूपए किलो की दर से बेची जा रही है। शहर में सुबह होने के कुछ घंटे बाद ही हरा चना के व्यापारी पहुंच कर कुमार चौक के निकट अपनी दुकान सजा लेते हैं, जहां खरीदी करने वालों की भीड़ जुटना शुरू हो जाता है। वर्तमान में हरा चना के व्यापारी ज्यादा नहीं है।

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 02 फरवरी, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 फरवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
मो. 9753266386

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 08 फरवरी 2026, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें - 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 01 फरवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल - 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर - 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल - 3 बजे से 7 बजे तक

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाएं
ब्रान्कोस्कोपी, दमा, खाँसी, टी.बी, निमोनिया, एलर्जी
ऑपरेशन थियेटर
सोनोग्राफी सुविधा
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
CHEST PHYSICIAN (GOLD MEDALIST)
श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

प्रसिद्ध मनोरोग, नशा मुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
आपके शहर अंबिकापुर में उपलब्ध
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
उपलब्ध उपचार
माह के प्रथम रविवार 01 फरवरी को अंबिकापुर में उपलब्ध
उदासी, चिन्ता, घबराहट, डर, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, निंद की कमी, उन्माद, आत्महत्या के विचार, पागलपन, अजीब अभास या सोच, शक करना, किसी काम में मन न लगना, सिरदर्द, असामान्य दर्द, मिर्गी या झटका, बच्चों में चंचलता, बच्चों एवं बुजुर्गो में याददास्त की कमी, मंदबुद्धि, सेक्स समस्या, शराब एवं अन्य नशें की लत।
एस.आर.एस. हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल रोड, अंबिकापुर 7987779819, 7880289133

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

खबर संक्षेप



## छग टीचर्स एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक एलबी संवर्ग की मांगों को लेकर सीएम, स्कूल शिक्षा व वित्त मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष पवन सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट द्वारा रमेश चन्द्रवंशी एवं अन्य याचिकाओं में पारित निर्णय दिनांक 23 जनवरी के तहत पूर्व सेवा की गणना करते हुए संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्यकर आदेश जारी किया जाए। केंद्र के सामान 33 के बदले 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन अर्थात 50 प्रतिशत प्रावधान किया जाए। 10 वर्ष के बजाय 5 वर्ष की सेवा में न्यूनतम पुरानी पेंशन का प्रावधान हो। पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षक, शिक्षक को 10 वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल करते हुए (वन टाइम रिलैक्सेशन) कर 5 वर्ष में क्रमोन्नति वेतन प्रदान किया जाए। टेट की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए हस्तक्षेप याचिका दायर करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों के हितों की रक्षा की जाए। डी-एड योग्यता धारी शिक्षकों के लिए 6 माह का बी-एड ब्रिज कोर्स प्रारंभ किया जाए। मोबाइल वीएसके एप के स्थान पर बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति ली जाए। इस दौरान एसोसिएशन के संतोष गुप्ता, श्याम गुप्ता, सत्य प्रकाश सिंह, विनय गुप्ता, रवि शंकर श्रीवास, सीएसपी गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र पैकरा, संदीप वर्मा, सुवीर रवि, मोहरलाल कुजूर, कृष्ण यादव, केदारनाथ दुबे, विनोद कुर्रे, पवन पाटले, संजय एक्का, सीताराम पांडे, सुमित गुप्ता, जितेन्द्र तिवारी, दिलीप गुप्ता, नवीन किशोर तिर्की, केश्वर नायक, शुफला टोप्पो, ललिता मिंज, मधु पांडे, मुक्ति शांडिल्य सहित अन्य मौजूद थे।

## उप तहसील पिलखा में मतदाता सूची से सम्बंधित लॉजिकल एरर की हुई सुनवाई

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार राजस्व अधिकारियों द्वारा तहसील लटोरी अंतर्गत उप तहसील पिलखा के ग्राम पंचायत गोविंदपुर, करमपुर एवं कसकेला में मतदाता सूची से संबंधित लॉजिकल एरर की सुनवाई की गई,इस अवसर पर पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह के अलावा संबंधित हल्का पटवारी एवं बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे,सुनवाई के दौरान मतदाताओं की समस्याओं का परीक्षण करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की गई,पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह द्वारा बीएलओ को लॉजिकल एरर की शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए,अधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है।

## प्राचार्य ने ज्ञापन लेने से किया इंकार तो छात्र-छात्राओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**रामानुजगंज।** छात्र-छात्राओं ने यातायात समस्या को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपने पहुंचे तो प्राचार्य ने ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया जिससे छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही समस्या को दूर किए जाने की मांग की है। शासकीय लरंगसाय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की यातायात की समस्या को लेकर 10 जनवरी को महाविद्यालय की प्राचार्या के समक्ष नगर के युवा समाजसेवी विष्णु दित्य राज के नेतृत्व में छात्रों ने बस परिवहन सुविधा की मांग की। परंतु प्राचार्य द्वारा ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया गया। जिसके बाद विष्णु दित्य राज के नेतृत्व में पुनः एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही छात्र-छात्राओं की समस्या का निवारण जल्द से जल्द किए जाने की मांग की है। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र अभिषेक केशरी, रंजन शर्मा, गौरव गुप्ता, पवन गुप्ता, उदय सहित अन्य छात्र छात्राएं भी मौजूद रहे।

## ओड़गी मंडल में हुई विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका कार्यशाला



**ओड़गी।** विकसित भारत जी राम जी गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण ओड़गी मण्डल कार्यशाला ग्राम लांजीत शक्ति केद्र में संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोमनाथ राजवाड़े, बलराम सोनी, मण्डल अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा, महामंत्री आशीष प्रताप सिंह, राजेंद्र जायसवाल, श्यामलाल गुर्जर, उमेश्वर गुर्जर, नीरज गुर्जर, अरुण कुमार सिंह, सुधीर चौबे, नरेश जायसवाल, दुर्गा गुप्ता, नंद कुमार सिंह, अजेंद्र गुर्जर, हर्षित गुर्जर, राम यादव, वंश लाल, सोहन कुर्रे, दीपक गुप्ता सहित बुथ के सभी पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### धान लोड ट्रैक्टरों की लगी लंबी कतारें

# धान खरीदी के अंतिम दिन उपार्जन केंद्रों में उमड़ी किसानों की भारी भीड़





उपार्जन केन्द्र के सामने धान लोड वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिले के 49 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के अंतिम दिन किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही विभिन्न उपार्जन केंद्रों पर किसान ट्रैक्टरों में धान लेकर पहुंचने लगे, जिससे कई केंद्रों पर लंबी कतारें लग गईं और आवागमन प्रभावित हुआ।

**खास बात**

- कलेक्टर ने दिलाया भरोसा

जिला मुख्यालय के समीप स्थित बड़कीम्हरी धान उपार्जन केंद्र में स्थिति सबसे अधिक गंभीर रही। यहां 400 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ किसान धान बेचने पहुंचे, जिससे उपार्जन केंद्र तक पहुंचने वाले मार्गों पर दो से तीन किलोमीटर लंबी लाइन लग गई और किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा। अन्य उपार्जन केंद्रों में भी इसी तरह भारी भीड़ देखने को मिली। कामेश्वर नगर में 200 किसानों, रघुनाथ नगर में 104, रामनगर में 123, वीरेंद्र नगर में 154, बसंतपुर में 112, बलरामपुर जिला मुख्यालय में 166 तथा भवरमाल में 88 किसानों के टोकन काटे गए। इसके अलावा कुसमी में 131, जमड़ी में 125, डिंडो में 156, पस्ता में 118, धंधापुर में 147, बरतीकला में 161, बलंगी में 183, महाराजगंज में 125, राजपुर में 144 एवं सरना उपार्जन केंद्र में 103 किसानों का टोकन काटा गया। किसानों की भारी भीड़ के कारण कई स्थानों पर व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को कठिनाई का सामना करना पड़ा, हालांकि समितियों एवं प्रशासनिक अमले द्वारा लगातार प्रयास किए जाते रहे ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहे।

### 2 लाख 32 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य

इस संबंध में कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने बताया कि जिले में जितने भी किसान आज धान उपार्जन केंद्रों पर पहुंचे, सभी किसानों के टोकन काटे गए हैं, इसी कारण उपार्जन केंद्रों में भीड़ देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि आज जिले में लगभग 2 लाख 32 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

### सभी किसानों की होगी धान खरीदी

कलेक्टर ने किसानों से धैर्य बनाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि भले ही खरीदी प्रक्रिया में कुछ विलंब हो, लेकिन एक भी किसान का धान छोड़ा नहीं जाएगा। प्रशासन द्वारा देर रात तक खरीदी कार्य जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। धान खरीदी के अंतिम दिन किसानों की भारी उपस्थिति से यह स्पष्ट है कि जिले में खरीदी को लेकर किसानों की उम्मीदें जुड़ी हुई हैं, वहीं प्रशासन भी व्यवस्था संभालने में पूरी तरह मुस्तैद नजर आए।

## ग्राम मानी में देर शाम तक चली खरीदी

**मानीचौक।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतिम दिन जिले भर के खरीदी केंद्रों में किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली। समय सीमा समाप्त होने से पहले अपनी उपज बेचने की चिंता में किसान सुबह से ही केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। कई केंद्रों पर स्थिति सामान्य रही, लेकिन ग्राम मानी स्थित खरीदी केंद्र पर हालात सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण नजर आया। जहां अचानक किसानों की संख्या बढ़ने से अव्यवस्था जैसी हालत हो गई।

- सुबह से ही उपार्जन केन्द्रों में किसानों का लगा रहा तांता

शुक्रवार सुबह से ही ग्राम मानी खरीदी केंद्र के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, पिकअप और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। किसानों में इस बात की चिंता साफ दिखाई दे रही थी कि कहीं अंतिम दिन भी उनकी उपज की खरीदी न हो पाए। इसी आशंका के चलते बड़ी संख्या में किसान एक साथ केंद्र पर पहुंच गए, जिससे खरीदी प्रक्रिया पर दबाव बढ़ गया। भीड़ अधिक होने के कारण तौल और पंजीयन की गति धीमी रही और किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा। हालांकि कठिन परिस्थितियों के बावजूद समिति के कर्मचारियों ने जिम्मेदारी निभाते हुए लगातार खरीदी कार्य जारी रखा। कर्मचारियों ने बताया कि सुबह से लगी वाहनों की कतार देर शाम तक बनी रही। इस दौरान तकनीकी दिक्कतें, सर्वर की समस्या और व्यवस्थागत कमियां भी सामने आईं, जिससे कार्य थोड़ा प्रभावित हुआ। बावजूद इसके कर्मचारियों और किसानों के आपसी सहयोग से स्थिति को संभालने का प्रयास किया गया। मानी खरीदी केंद्र कैंपस में धान का अधिक आवक होने के कारण बाउंड्री के बाहर किसानों का धान समिति द्वारा लिया गया ताकि किसानों का धान किसी भी हालात में लिया जा सके। किसानों का कहना है कि यदि खरीदी की अवधि कुछ दिन और बढ़ाई जाती तो भीड़ और अव्यवस्था से बचा जा सकता था। वहीं कई किसानों ने तौल प्रक्रिया को तेज करने और भुगतान व्यवस्था को और सरल बनाने की मांग की।

### मौके पर मौजूद रहे अधिकारी

धान खरीदी के अंतिम दिन ग्राम मानी सहित अन्य केंद्रों पर किसानों की भारी भीड़ ने व्यवस्थाओं की कड़ी परीक्षा ली। बावजूद इसके देर शाम तक खरीदी कार्य पूरा कर लिया गया और किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ मिल सका। जांच के लिए सहकारिता विभाग के नोडल पहुंचे और समिति के कर्मचारियों को खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नही करने के हिदायत दी। कृषि विभाग के आरईओ एनके मिश्रा, सहित अन्य अधिकारी मौके में मौजूद रहे।





## विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

भारतीय जनता पार्टी मंडल स्तर पर विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर कार्यशाला का आयोजन ग्राम सावारांवा में किया गया। कार्यक्रम में अजजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह एवं मंडल अध्यक्ष सुनील साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए अजजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा कि रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण मनरेगा का उन्नत स्वरूप है, जिसे लेकर कांग्रेस द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जी राम जी योजना के अंतर्गत अब ग्रामीण परिवारों को 100 दिन के स्थान पर 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। साथ ही एक सप्ताह के भीतर मजदूरी भुगतान, भुगतान में देरी पर मुआवजा तथा ग्राम सभा द्वारा कार्य चयन की सुविधा भी प्रदान की गई है। जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि यह योजना 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए लाई गई है, जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार पर रोक लगाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। साथ ही अब धान खेती के समय जी राम जी योजना का काम बंद रहेगा जिससे खेती कार्य हेतु मजदूरों की उपलब्धता रहेगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, धनेश्वर सिंह, बलिराम यादव, लालचंद्र शर्मा, सौरभ साहू, नेहा सिंह, अभिषेक गुप्ता, मनीष साहू, श्याम बिहारी यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अध्ययन भ्रमण हेतु जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्षों का दल गुजरात रवाना

**राजपुर।** ग्रामीण विकास को नई दिशा देने तथा आधुनिक तकनीक आधारित विकास मॉडल को समझने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों का एक प्रतिनिधिमंडल गुजरात राज्य के लिए अध्ययन भ्रमण पर रवाना हुआ है। यह पांच दिवसीय अध्ययन भ्रमण 30 जनवरी से 03 फरवरी 2026 तक प्रस्तावित है। अध्ययन भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल गुजरात में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं, तकनीकी नवाचारों एवं कृषि क्षेत्र में भौगोलिक सूचना प्रणाली के प्रभावी उपयोग का गहन अध्ययन करेगा। इस क्रम में दल द्वारा भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान, अमूल दुग्ध डेयरी, बायोगैस संयंत्रों तथा टिकाऊ एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया जाएगा। अध्ययन भ्रमण दल में जनपद पंचायत राजपुर से अध्यक्ष विनय भगत एवं उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, जनपद पंचायत शंकरगढ़ से अध्यक्ष चिंतामणि भगत, जनपद पंचायत वाड्रफनगर से अध्यक्ष शशि सिंह पोर्ते एवं उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, तथा जनपद पंचायत कुसमी से उपाध्यक्ष अशोक सोनी शामिल हैं।



## वसंत ऋतु पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी



**अम्बिकापुर।** वसंत ऋतु के आगमन पर तुलसी साहित्य समिति द्वारा सरस वासंती काव्यगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पांडेय एवं बतौर विशिष्ट अतिथि पं. रामनारायण शर्मा, वरिष्ठ कवि बीडी लाल, प्रताप पांडेय पं. चन्द्रभूषण मिश्र मंचासीन रहे। मां वीणापाणि की पारंपरिक पूजा पश्चात काव्यगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। गीतकार कृष्णकांत पाठक ने सुंदर सरस्वती-वंदना की प्रस्तुति दी। महाकवि तुलसीकृत रामचरितमानस, एसपी जायसवाल और बीडी लाल द्वारा रचित सरगुजिहा रामायणों का भी संक्षिप्त पाठ किया गया।

पं. रामनारायण शर्मा ने कहा कि इस ऋतु में धरती का नया श्रृंगार होता है। पुराने पत्ते झड़कर नए कोंपलों के आने, पलाश के लाल-लाल फूलों तथा विभिन्न रंग-बिरंगे पुष्पों से धरित्री परम शोभायमान हो जाती है। पं. सच्चिदानंद पाडेय ने कहा कि सब प्रकार से जीवनोनुकूल होने के कारण ही गीता में भगवा- श्रीकृष्ण ने स्वयं को कुसुमाकर अर्थात वसंत ऋतु कहा। ब्रह्माजी ने इसी ऋतु में सृष्टि की सुंदर संरचना की। पेड़-पौधे, जीव-जन्तु, मनुष्य आदि बनाए। इसी ऋतु में मां सरस्वती का प्राकट्य-दिवस भी मनाया जाता है। वसंत पंचमी प्रकृति और संस्कृति का सुंदर समागम है, जहां वासंती उल्लास और माता सरस्वती का ज्ञान दोनों मानवीय जीवन में नवीन ऊर्जा, उल्लास, सौंदर्य, संतुलन, आनंद, पवित्रता और जागृति का संचार करते हैं। कवयित्री माधुरी जायसवाल ने अपने काव्य में वासंती शोभा का वर्णन किया- सूरज की लाली सबको भाए, देख वसंत शाखा लहराए। प्रकृति भी अपने नए-नए रूप दिखाए। संस्था के अध्यक्ष कवि मुकुंद लाल साहू ने अपने दोहे में उद्यान-विपिन की सुषमा और उसकी प्रसन्नता का चित्रण किया- वन-उपवन के हृदय में छाया हर्ष अनंत। डाल-डाल पर डोलता, फिरता आज वसंत। वरिष्ठ कवि बीडी लाल ने वृक्षों के अपार सौंदर्य को अभिव्यंजित किया। कवि रामलाल विश्वकर्मा ने भी अपनी कविता पाठ किया। कवि प्रताप पांडेय के वासंती गीत ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया- महक रहा यूं हरसिंगार जैसे पहला-पहला प्यार। गीतकवि कृष्णकांत पाठक ने विद्या और ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां हंसवाहिनी के आराधनास्वरूप उत्कृष्ट गीत रचना की प्रस्तुति दी। अंत में शायर-ए-शहर यादव विकास ने खुशबू से मोहब्बत की गुलशन को महकने दो रचना सुनाई। धन्यवाद-ज्ञापन संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष माधुरी जायसवाल ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, लीला यादव, होल साय, ऊनी राजवाड़े, प्रमोद तथा मनीलाल आदि उपस्थित थे।

## एसईसीएल डायरेक्टर टेक्निकल ने क्षेत्र की खदानों का किया निरीक्षण



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल–पी एंड पी रमेश चंद्र महापात्रा ने शुक्रवार को बिश्रामपुर क्षेत्र की विभिन्न खदानों का निरीक्षण कर अधिकारियों से वार्षिक उत्पादन लक्ष्य हासिल करने को लेकर फीडबैक लिया, इस दौरान उन्होंने रेहर,गायत्री,केतकी एवं आमगांव खुली खदान परियोजना का दौरा किया।

भटगांव क्षेत्र में तीन दिनों तक विभिन्न खदानों के निरीक्षण के बाद गुरुवार दोपहर निदेशक तकनीकी–योजना एवं परियोजना रमेश चंद्र महापात्रा बिश्रामपुर पहुंचे,यहां उन्होंने पहले क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्पादन,डिस्पैच एवं आगामी कार्ययोजनाओं की समीक्षा की,इसके पश्चात शुक्रवार को उन्होंने क्षेत्र की आमगांव ओपन कास्ट परियोजना,कोल इंडिया की पहली एमडीओ मोड में संचालित केतकी भूमिगत खदान,तथा गायत्री एवं रेहर खदान का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान डीटी ने चारों खदानों में कोयला उत्पादन,डिस्पैच,उपलब्ध भंडार,मशीनरी की स्थिति और सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी खदान प्रबंधन से ली,उन्होंने सुरक्षा के साथ उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए उत्पादन प्रक्रिया को बारीकी से समझा और आवश्यक सुझाव भी दिए, गौरतलब है कि एसईसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल–पी एंड पी बनने के बाद रमेश चंद्र महापात्रा का यह बिश्रामपुर क्षेत्र का पहला दौरा था,वर्तमान में वे कंपनी के सभी क्षेत्रों का दौरा कर उत्पादन,डिस्पैच और मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर अधिकारियों से फीडबैक ले रहे हैं,प्रवास के दौरान डीटी ने भटगांव एवं बिश्रामपुर क्षेत्र के अधिकारियों को वार्षिक उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए,उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन बढ़ाना कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है,निरीक्षण उपरांत देर शाम डीटी केंद्रीय चिकित्सालय पहुंचे,जहां उन्होंने सड़क हादसे में घायल रेहर खदान के डिप्टी मैनेजर से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा चिकित्सकों को बेहतर से बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस ने किया चक्का जाम, धान खरीदी की निर्धारित तिथि बढ़ाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जफर हैदर के संयुक्त नेतृत्व में महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बलिदान दिवस पर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत माता कर्मा चौक के समीप शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर सांकेतिक चक्का जाम किया गया। साथ ही धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि को बढ़ाने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी का समय बढ़ाने का मांग की। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि मनरेगा का नाम व योजना बदल कर दूसरा नाम रखना न केवल जनता के साथ छल है बल्कि तमाम मजदूरों के साथ अन्याय है। साथ ही धान खरीदी को लेकर राज्य सरकार से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग किया गया कि किसानों का धान अभी तक पूरा खरीदा नहीं गया है कम समय एवं टोकन न कटने के कारण किसानों का धान खरीदी अभी तक बाकी है जिससे किसान काफी परेशान है मांग किया गया कि धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि को बढ़ाया जाए ताकि किसानों का धान खरीदी हो सके। इस दौरान भगवती राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, अश्विनी सिंह, रामकृष्ण ओझा, राजीव सिंह, मनोज अग्रवाल, हेमेंद्र गुप्ता, गैबीनाथ साहू, विष्णु कसेरा, वीरेन्द्र बंसल, आशीष यादव, अविनाश यादव, आकाश साहू, जाकेश राजवाड़े, नीरज तायल, धर्मेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र मिश्रा, भावना सिंह नेताम, सूरज अवस्थी, हुपेश प्रजापति, मधु साहू, राम सिंह, मुस्तफा खान, विनय सिंह, सैयद नदीम, अफरोज अंसारी, लिवनेश सिंह, शाहरुख खान, मनोज सिंह, बाबूलाल सिंह, दीपक दीवान, तनवीर, सुमंत राजवाड़े, यशवंत सिंह, निलेश, कमलेश सिंह, संजय अग्रवाल, बाबूलाल राजवाड़े, हरक लाल राजवाड़े, मनोज सोनी, हैदर अली सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

राजपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि शासन की नीतियों और अव्यवस्थाओं के कारण बड़ी संख्या में किसान अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं। इससे किसान आर्थिक संकट और मानसिक परेशानी से गुजर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा धान खरीदी की घोषणा तो की गई लेकिन उसके अनुरूप पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसानों की स्थिति को देखते हुए धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 फरवरी तक किया जाए ताकि सभी किसान अपना धान समर्थन मूल्य पर बेच सकें। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो किसानों के हित में आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर चक्का जाम के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नीरज तिवारी सहित पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी पूर्व विधायक डॉ प्रीतम राम, सुनील सिंह, जितेंद्र गुप्ता, लालसाय मिंज, बृजेश मिश्रा, विश्वास गुप्ता, संतोष सोनी, सुनील भगत, मुमताज अंसारी, पीएन विश्वास, देवबली सिंह, आलोक सिंह, पंकज यादव, पंकज जयसवाल, राम बिहारी यादव, विकास यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### धान खरीदी में अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया चक्काजाम, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कुसमी।** धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था तथा किसानों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ द्वारा बस स्टैंड में एक दिवसीय सांकेतिक चक्काजाम एवं धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिहर यादव के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मिश्रा के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन के माध्यम से धान खरीदी की तिथि बढ़ाने, समय पर टोकन जारी नहीं करने, धान उठाव में देरी तथा किसानों के हितों की अनदेखी का विरोध किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत के कुसमी बस स्टैंड के समीप धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के पश्चात एसडीएम करुण डहरिया को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं द्वारा उन्हें किसानों की समस्याओं से संबंधित राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कुसमी एस डी एम करुण डहरिया द्वारा किसानों की मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान जीतेंद्र गुप्ता, लालसाय मिंज, मुजस्सम नज़र, खसरू बुनकर, संतोष इंजीनियर, फरीद खान, जिलेश्वर राम, पूर्णिमा सेमरिया, मुदस्सिर इराकी, दीपक बुनकर, वेदांत भारती, राकेश एक्का, अमरनाथ सोनवानी, जफर इकबाल, रमेश पांडे, देवलाल नायक, अजय यादव, किशोर कुजूर, सूचित भगत, अंकित मिंज सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे।



### धान खरीदी की तारीख और मनरेगा एक्ट के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**शंकरगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेसियों ने मनरेगा बचाव संग्राम के तहत मनरेगा एक्ट में प्रस्तावित बदलाव और नाम परिवर्तन के विरोध के साथ-साथ धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग को लेकर शंकरगढ़ धान खरीदी केंद्र में धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विजय पैकरा ने कहा कि मनरेगा गरीबों और ग्रामीण मजदूरों के लिए जीवन रेखा है। इसके मूल स्वरूप में बदलाव करना और नाम बदलने की कोशिश करना जनविरोधी कदम है। साथ ही कांग्रेसियों ने धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग की। कांग्रेसियों का कहना था कि कई किसान अब भी अपनी उपज बेचने से वंचित हैं और खरीदी की समय-सीमा समाप्त होने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो सकता है। किसानों के हित में धान खरीदी की तारीख तत्काल बढ़ाई जानी चाहिए। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने उनके आदर्शों को याद करते हुए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की बात कही। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष विजय पैकरा, विवेक सिंह देव, राजू तिर्की, राम सुंदर सिंह, हृदयानंद यादव, रामशरण यादव, कृष्ण नाग, भोला मियां, झमरु पैकरा, हीरालाल यादव, मुकेश कश्यप, शमीम अंसारी, अज्जू गुप्ता, देवरूप यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

**सलका अधिना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत अधिना-सलका चौक के समीप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप राजवाड़े के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया गया। कुछ समय पश्चात तहसीलदार शिव नारायण राठिया को ज्ञापन देकर अपना धरना प्रदर्शन और चक्का जाम समाप्त किया। इस दौरान पारसनाथ राजवाड़े, मुकेश अग्रवाल, सुलोचनी पैकरा, सूरज गुप्ता, गोविन्दा राजवाड़े, सविता राजवाड़े, विवेक दुबे, राजकुमार राजवाड़े, रमेश चौधरी, रियाज खान, विक्रांत पांडे, भूपेश्वर राजवाड़े, कमलेश दुबे, शैलेश जैन, रमजीला देवांगन, विनय पैकरा,अमित गुप्ता, बजरंगी सिंह, हरिशंकर राजवाड़े, संजीव सिंह, राजाराम राजवाड़े, चिंटू गुप्ता, मानिकचंद राजवाड़े, युधिष्ठिर राजवाड़े, अख्तर खान, भोला राजवाड़े, शिवशरण राजवाड़े, जितेंद्र ठाकुर, रामजतन देवांगन, सरफ़राज़ खान,अमित गुप्ता, पंकज पैकरा, हुकुम राजवाड़े, उर्मिला राजवाड़े, मनोज राजवाड़े, सुखसागर गुप्ता, विकेश गुप्ता सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। तहसीलदार शिव नारायण राठिया को ज्ञापन देकर अपना धरना प्रदर्शन और चक्का जाम समाप्त किया।

### धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

**रामानुजनगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामानुज नगर के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर मनरेगा बचाओ संग्राम एवं धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाए जाने को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम का आयोजन सुभाष चौक में किया गया। इस दौरान इस्माइल खान, संजय डोशी, मेहंदी लाल यादव, महेंद्र साहू, हेमलता राजवाड़े,आनंद कुमार, राम लखन सिंह, भूपेंद्र साहू, बालमुकुंद दास, शक्ति ठाकुर, विजय साहू, हेमंत साहू, सम्राट प्रजापति, महेश सिंह, परमेश्वर सिंह, कृष्णा साहू,सतवंत सिंह, बिनय, गजेंद्र राजवाड़े, विनय दास, ऋषि पटेल, आसिफ अंसारी, राम साहू, भोला गुप्ता, रामकुमार साहू सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सरगुजा ओलंपिक का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**राजपुर।** विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक के दूसरे दिन 30 जनवरी को खेल मैदान में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। आयोजित प्रतियोगिताओं का अवलोकन करने एसडीएम देवेंद्र प्रधान, जनपद सीईओ संजय दुबे एवं बीईओ अरविन्द पहुंचे। अधिकारियों ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। दूसरे दिन खो-खो, कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर एवं जूनियर, पुरुष एवं महिला वर्ग के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि सरगुजा ओलंपिक का उद्देश्य ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने प्रतिभागियों को आगे भी नियमित अभ्यास कर जिला एवं राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। आयोजन समिति द्वारा शनिवार 31 जनवरी को फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### अस्पताल में नहीं है एंटी रेबीज टीका, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक कैलाश मिश्रा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी रेबीज टीका एवं इम्युनोग्लोबुलिन उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कुत्ते प्रतिदिन 10-15 लोगों को काट रहे हैं लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी रेबीज के टीके उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को बाजार से टीका खरीदना पड़ रहा है। कुत्तों के काटने से गंभीर घाव होने पर इम्युनो ग्लो युलिन की भी आवश्यकता पड़ती है जो सरगुजा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध नहीं है। हाल ही में तीन एंटी रेबीज इंजेक्शन लगने के बाद भी एक व्यक्ति की मौत हो गई है जिससे एंटी रेबीज की गुणवत्ता पर संदेह हो रहा है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गुणवत्तायुक्त एंटी रेबीज उपलब्ध कराने मांग की है।

### यूजीसी के अध्यादेश के विरोध में सवर्ण समाज का नगर बंद कल



**अम्बिकापुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अध्यादेश के विरोध में सवर्ण समाज ने 1 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। आह्वान पर सवर्ण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने अतुल सिंह के नेतृत्व में नगद बंद की सूचना ननि प्रशासन को दी। प्रतिनिधियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक से मिलकर आंदोलन में समर्थन मांगा। उन्होंने आंदोलन को समर्थन देने की सहमति व्यक्त की। युवा क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष शिवेश सिंह ने बताया कि 1 फरवरी को सुबह 10 बजे सवर्ण समाज के प्रतिनिधि राम मंदिर में एकत्र होंगे। अध्यादेश के विरोध में राम मंदिर से रैली निकाली जाएगी जो सदर रोड, महामाया चौक, संगम चौक, देवीगंज रोड होते हुए घड़ी चौक पर पहुंचेगी जहां सभा का आयोजन किया जाएगा। रैली एवं सभा में सवर्ण समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान शशिकांत सिंह, रणवीर सिंह छाबड़ा, विजय गुप्ता, कैलाश मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, महेन्द्र सिंह छाबड़ा, अनिल तिवारी, संजय अग्रवाल, विजय सिंह, भीम सिंह अमित सिंह आदि उपस्थित थे।

### महाविद्यालय में गांधी जी की पुण्यतिथि पर नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा का संकल्प

**बलरामपुर।** शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. एनके सिंह की अध्यक्षता तथा यातायात विभाग बलरामपुर के निर्देशन में सड़क सुरक्षा सप्ताह और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नशा मुक्ति संकल्प एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जन को नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू ठाकुर, द्वितीय स्थान संगीता प्रजापति तथा तृतीय स्थान शांता टोप्पो ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजली पुरी, द्वितीय स्थान दीपिका कुजूर एवं तृतीय स्थान सनमकांता खाखा को मिला। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कौशल्या कुशवाहा तथा द्वितीय स्थान आर्यन गुप्ता ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन मंजीत चौबे एवं आभार प्रदर्शन वीरेंद्र विक्रम किया।

### इमरान अहमद बने भैयाथान मंडल अध्यक्ष

**भैयाथान।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मखमूर इकबाल खान के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की



सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू अंसारी द्वारा जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। इसी कड़ी में भैयाथान विकासखंड अंतर्गत ग्राम जूर निवासी इमरान अहमद को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का भैयाथान मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## किसान कर रहे खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग

# धान खरीदी की तिथि समाप्त, 32 हजार किसान अब तक नहीं बेच सके अपनी उपज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अब धान खरीदी का मात्र एक दिन शेष बचा है तथा अब तक एकीकृत सरगुजा के 32 हजार से अधिक किसान अब तक अपनी उपज नहीं बेच सके हैं। शनिवार को अंतिम दिन अवकाश होने के कारण खरीदी बंद रहेगी। ऐसे में किसान अब धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

**खास बात**

- शुक्रवार को उपज बेचने मची अफरा-तफरी

शासन द्वारा 15 नवम्बर से 31 जनवरी तक धान खरीदी की तिथि निर्धारित की गई थी। प्रारंभ में फसल तैयार नहीं होने के कारण समितियों में वीरानी छाई रही। जब फसल तैयार हुई तो बड़ी संख्या में किसानों का एग्रीस्टेक नहीं होने तो रकबा में कटौती होने की समस्या के निराकरण के लिए लम्बे समय तक भागदौड़ करते रहे। अंतिम समय आने पर किसानों को अब तक उपज नहीं बेचने की चिंता हुई तो उपज बेचने को लेकर कृषकों में खलबली मच गई। धान खरीदी के लिए शासन द्वारा 31 जनवरी तक का समय निर्धारित किया गया है लेकिन शनिवार को छुट्टी होने के कारण समितियां बंद रहेगी। छुट्टी के दिन खरीदी करने संबंधी शासन द्वारा कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है। इसकी जानकारी मिलते ही शुक्रवार को किसान अपनी उपज लेकर उपार्जन केन्द्रों में पहुंच गए। उपार्जन केन्द्रों में अचानक किसानों की भीड़ बढ़ने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बड़ी संख्या में किसानों का धान खरीदा गया इसके बावजूद अभी भी लगभग 32 हजार से अधिक किसान अपनी उपज नहीं बेच सके हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार सरगुजा के पंजीयन कराने वाले किसानों में 2 हजार से अधिक की कमी आई है इसके बावजूद अब तक 6 हजार किसान अपनी उपज नहीं बेच सके हैं जबकि बलरामपुर के 14 हजार एवं सूरजपुर के 12944 किसान अपनी उपज बेचने से वंचित है। हालाकि पिछले साल भी इस तरह की स्थिति निर्मित हुई थी तथा लगभग 22 हजार किसान अपनी उपज नहीं बेच सके थे। अंतिम दौर में किसानों को टोकन जारी कर भौतिक सत्यापन के बाद उनकी उपज खरीदी गई थी। कम पंजीयन होने के बावजूद इस बार सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर के लगभग 32 हजार किसान अब तक अपना धान नहीं बेच सके हैं।



उपार्जन केन्द्र में उपस्थित किसान।

### खरीदी लक्ष्य नहीं होगा पूरा

शासन द्वारा सभी जिलों के लिए धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शासन ने सरगुजा में धान खरीदी का लक्ष्य 3902190 क्विंटल, बलरामपुर का 3178290 क्विंटल एवं सूरजपुर का लक्ष्य 4250090 क्विंटल निर्धारित किया गया है जबकि एक दिन पूर्व सरगुजा में 2905602 क्विंटल, बलरामपुर में 2320941 क्विंटल एवं सूरजपुर में 3308938 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। पिछले साल इसी अवधि में सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर में निर्धारित लक्ष्य से अधिक धान की खरीदी की गई थी जबकि इस बार खरीदी लक्ष्य पूरा होने की दूर-दूर तक संभावना नहीं है।

#### उठाव की रफ्तार पड़ी धीमी

इस बार उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान के उठाव की गति काफी धीमी है सरगुजा जिले में अब तक 31.96 फीसदी धान का उठाव हुआ है जबकि बलरामपुर में 33.29 फीसदी एवं सूरजपुर में 22.11 फीसदी। उठाव के अभाव में अभी दर्जनों उपार्जन केन्द्रों में क्षमता से तीन गुना अधिक धान जाम पड़ा है। पिछले साल इसी अवधि में सरगुजा में 71.19 फीसदी बलरामपुर में 45.20 फीसदी एवं सूरजपुर में 66.08 फीसदी धान का उठाव किया गया था। उठाव के अभाव में धौरपुर में 30356 क्विंटल, जमगला में 22594 क्विंटल, पेटला में 28952 क्विंटल, प्रतापगढ़ में 30685 क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है।

#### शासन के निर्देशानुसार खरीदी

समितियां शासन के निर्देशानुसार खरीदी करती हैं। तिथि का निर्धारण भी शासन स्तर पर किया जाता है। धान उठाव के संबंध में मार्कफेड से लगातार पत्राचार किया जा रहा है।

-बीकेपी सिंह
विपणन अधिकारी, को ऑपरेटिव बैंक



## भाजयुमो जिला अध्यक्ष का रैली निकाल कर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मंगलम पांडेय के प्रथम रामानुजगंज प्रवास के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर के अग्रसेन चौक से बाइक रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

अग्रसेन चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा जिला अध्यक्ष मंगलम पांडे का स्वागत किया गया। बाइक रैली नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए मां महामाया मंदिर पहुंची जहां जिला अध्यक्ष मंगलम पांडे द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मंगलम पांडे ने कहा कि युवा मोर्चा का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने तथा आगामी चुनावों की तैयारी में जुटने की बात कही। इस दौरान विक्रम गुप्ता, शर्मिला गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, अरुण केसरी, गौतम सिंह, विकास गुप्ता, डॉ. राकेश गुप्ता, धर्म प्रकाश केसरी, अरुण नागवंशी, सरवन यादव, नंदकिशोर गुप्ता, अर्जुन दास, अजय सिंह, दिनेश यादव,कृष्णा पासवान,आनंद यादव, आकाश तिवारी, कृष्णा गुप्ता, कलाम मंसूरी, निखिल सोनी, वकील सिंह, सोमारू मरावी, आशीष गुप्ता,अजीत पुरी सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में मां कुदरगढ़ी एल्यूमिनियम रिफाइनरी प्लांट के मजदूर की मौत

**अम्बिकापुर।** सिलसिला स्थित मां कुदरगढ़ी एल्यूमिनियम रिफाइनरी प्लांट में कार्यरत एक मजदूर की बुधवार को हुए सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



जानकारी अनुसार सिलसिला स्थित मां कुदरगढ़ी एल्यूमिनियम फैक्ट्री में ग्राम झेरडीह हर्षाडांड निवासी अनिल नाई आ. सुखदेव नाई (40 वर्ष) पिछले 2 वर्ष से मजदूरी करता था। बुधवार की दोपहर फैक्ट्री के गेट से बाहर निकला ही था कि ट्रेलर क्रमांक एच आर 58ई 5154 ने रौंदते हुए फरार हो गया। दुर्घटना में अनिल नाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मजदूरों का आरोप है कि यदि समय रहते उचित उपचार और एंबुलेंस सुविधा मिल जाती तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी। सुविधा नहीं मिलने के कारण मजदूर को निजी वाहनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मजदूरों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कराई जाए तथा दोषी ट्रक चालक एवं फैक्ट्री प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## भटगांव में इनमोसा प्रतिनिधियों ने एसईसीएल डीटी से की भेंट



**बिश्रामपुर।** गुरुवार को भटगांव में इनमोसा के प्रतिनिधियों ने भटगांव प्रवास पर पहुंचे एसईसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल (पी एंड पी) आर.सी.महापात्रा से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की,बैठक में कंपनी के बंद पड़ी भूमिगत खदानों को पुनः प्रारंभ करने सहित माइनिंग स्टाफ से जुड़ी लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया,बैठक के दौरान इनमोसा प्रतिनिधियों ने सीटीओ के आभाव में लंबे समय से बंद पड़ी भूमिगत खदानों को पुनः चालू करने को लेकर प्रबंधन द्वारा अब तक की गई ठोस कार्यवाही की जानकारी मांगी तथा यह भी पूछा कि इन खदानों को संचालन में लाने की संभावित समय-सीमा क्या है। इस पर डीटी आरसी महापात्रा ने आश्वस्त किया कि बंद पड़ी भूमिगत खदानों को पुनः चालू करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएँ प्रगति पर हैं तथा उन्हें यथाशीघ्र संचालन में लाया जाएगा,इसी क्रम में इनमोसा प्रतिनिधियों ने यह भी अवगत कराया कि माइनिंग स्टाफ को क्षेत्रीय स्तर एवं कंपनी स्तर पर कई गंभीर लंबित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है,जिनका शीघ्र निराकरण अत्यंत आवश्यक है,इस पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री महापात्रा ने कहा कि इनमोसा द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर कंपनी स्तर पर एक पृथक बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी, ताकि समस्याओं का उचित, व्यवहारिक एवं स्थायी समाधान निकाला जा सके। बैठक में इनमोसा के अनिल उपाध्याय, विजय कुमार मौर्य, सोहागपुर क्षेत्र से गौरभ गुरिया, बिश्रामपुर क्षेत्र से प्रभाकर जायसवाल, विनय श्रीवास्तव, प्रेम सिंह, बलराम साहू, शंकर दयाल जायसवाल, राजेंद्र नागपुरे भटगांव क्षेत्र से ललन दुबे, हिमांशु चंद्राकर सहित इनमोसा के अन्य सदस्य की बैठक संपन्न हुई।

- बंद पड़ी खदानों के पुन: संचालन हेतु मांगी जानकारी



## कन्हर वैली पब्लिक स्कूल का मनाया गया वार्षिक उत्सव

**रामानुजगंज।** नगर स्थित कन्हर वैली पब्लिक स्कूल का चौथा वार्षिकोत्सव विद्यालय के खेल मैदान में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में बाल मेले का भी आयोजन किया गया, जो बच्चों एवं अभिभावकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि नगर के ऊर्जावान एवं प्रतिभाशाली युवाओं द्वारा विद्यालय का सफल संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कम समय में विद्यालय ने शिक्षा, संस्कार, बौद्धिक विकास एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। नन्हे बच्चों द्वारा जिस आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुति दी गई, उससे स्पष्ट है कि इसके पीछे विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण है। 12वीं बटालियन के सहायक सेनानी तस्लीम आरिफ ने भी विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बाजीलाल लाल सिंह, वरिष्ठ नागरिक अरविंद दुबे सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** एसआईआर प्रक्रिया के दौरान फॉर्म-7 का कथित दुरुपयोग कर कांग्रेस के परंपरागत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश का आरोप लगाते हुए कांग्रेस खुलकर सामने आ गई है। कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है और चेतावनी दी है कि वैध मतदाताओं के नाम काटने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सुनियोजित तरीके से वैध मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस ने मांग की कि ऐसे मामलों में शामिल लोगों पर तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।



कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र के उदयपुर तहसील अंतर्गत ग्राम डांडगांव में एक विशेष समूह के करीब 70 लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए फॉर्म-7 में गलत जानकारी दी गई। आरोप है कि जीवित लोगों को मृत बताया गया और गांव में निवासरत लोगों को बाहर गया दर्शाकर नाम हटाने की सिफारिश की गई। इससे पहले उदारी, बकना, राजा कटेल से भी ऐसी ही बात सामने आई है। कांग्रेस ने इसे गंभीर अपराध बताते हुए कहा कि ऐसे कृत्य के लिए कानून में सजा का प्रावधान है। कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर पात्र मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखे जाएं तथा झूठी शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करने वालों की जिम्मेदारी तय की जाए। कलेक्टर ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनय शर्मा बंटी, लीगल सेल अध्यक्ष हेमंत तिवारी और यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विकल झा शामिल थे।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**सूरजपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर एस जयवर्धन सहित संयुक्त जिला कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी के अहिंसा, सत्य और सेवा के सिद्धांतों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौन धारण कर सभी ने राष्ट्रपिता के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## भारत का लोकतंत्र जनतंत्र बना रहे, इसे गणतंत्र ना बनने दें : कन्हैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर रेहाना फाउंडेशन द्वारा गांधी सुमिरन का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर में मौन रैली निकाली गई और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी में प्रख्यात विचारक, वक्ता व कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार शामिल हुए और अपनी वर्तमान परिदृश्य में महात्मा गांधी के विचारों को लेकर अपनी बात रखी।

- रेहाना फाउंडेशन के गांधी सुमिरन कार्यक्रम में हुए शामिल, निकाली गई मौन रैली

बता दें कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर रेहाना फाउंडेशन द्वारा गांधी सुमिरन का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात विचारक, वक्ता व कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने की। इस दौरान शहर के महामाया चौक से मौन रैली निकाली गई। मौन रैली नगर भ्रमण करते हुए गांधी चौक पहुंची जहां कन्हैया कुमार, आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, बाल कृष्ण पाठक, शफी अहमद व अन्य नेताओं के नेतृत्व में शाम 5.10 बजे उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही गांधी चौक से रैली माता राजमोहनी देवी भवन पहुंची जहां विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कन्हैया कुमार ने कहा कि बापू ने सत्य और अहिंसा का मार्ग बताया है। यह देश ही नहीं पूरी दुनिया और मानवता के लिए एक मंत्र और संकल्प है। उनके बलिदान दिवस के दिन मां महामाया की धरती पर उस संकल्प को दोहराएंगे। एक गंभीर विषय है कि भारत में लोकतंत्र-जनतंत्र का क्या होगा इस विषय पर राय मशविरा करेंगे। मै यहां कोई ज्ञान देने या राजनीति करने नहीं आया बल्कि अपने भाइयों से मिलने आया हूं। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर सामूहिक रूप से संकल्प लेने का प्रयास करेंगे, भारत का लोकतंत्र जनतंत्र ही बना रहे गणतंत्र ना बने और गोडसे का हिंसा और नफरत का जिस तरह से देश में फैल रहा है इसे रोका जाए। यही बापू को उनके बलिदान दिवस के दिन सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर रेहाना फाउंडेशन द्वारा गांधी सुमिरन का आयोजन किया गया जिसके लिए कन्हैया कुमार महामाया की नगरी में आए। हमारी लोकतंत्र की व्यस्था, देश के हालत और गंभीर विषय समाज के समक्ष खड़े हुए है। इस संदर्भ गांधी जी की विचारधारा, उनकी सोच, उनके मूल्य और सिद्धांत कितने जरुरी है इसके बारे में कन्हैया कुमार बताएगे। वहीं बलिदान दिवस के दिन शराब की खुलेआम बिक्री और ड्राई डे घोषित नहीं किए जाने को लेकर ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि बलिदान दिवस के दिन शराब दुकान बंद मांस दुकानें बंद रहती थी। शहर में भी साफ दिख रहा है कि शराब दुकानें खुली है। अगर पुण्यतिथि पर शराब दुकानों को खोला जा रहा है तो राष्ट्रपिता के विचारों को प्रभावित करने का भाजपा प्रयास कर रही है। देशभर में गांधी जी के विचारों से हटकर चलने का प्रयास भाजपा कर रही है जबकि मानव जाति के लिए गांधी जी का सन्देश है, उनका पूरा जीवन देश दुनिया के लिए उदाहरण है उसको प्रभावित करने का काम भाजपा कर रही है।





19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411